भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2877

18 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

बीजू पटनायक हॉकी स्टेडियम का पुनरुद्धार और स्तरोन्नयन

2877. श्री नरेन्द्र कुमार स्वैनः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राउरकेला में बीजू पटनायक हॉकी स्टेडियम के पुनरुद्धार और उन्नयन के लिए कोई कदम उठाया है क्योंकि ओडिशा सरकार 'हॉकी इंडिया' के साथ मिलकर पुरुष विश्व कप 2023 की मेज़बानी करेगी और राउरकेला में बीजू पटनायक हॉकी स्टेडियम जो कि राउरकेला इस्पात संयंत्र के अधीन है, जिसे मैच के मेज़बानी के स्थानों में चुना गया है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): जी हाँ। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को राज्य सरकार तथा हॉकी इंडिया के अधिकारियों के संयुक्त दौरे की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। राउरकेला इस्पात संयंत्र द्वारा संयुक्त दौरा रिपोर्ट की जाँच की गई है। दौरा रिपोर्ट में उल्लिखित जीर्णोद्धार/उन्नयन क्रियाकलापों की सूची के अनुसार अन्य संबद्ध सुविधाओं के साथ मौजूदा स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं के जीर्णोद्धार एवं उन्नयन के लिए लगभग 56.24 करोड़ रुपये का एक अस्थायी आकलन किया गया है।

इस कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञता की आवश्यकता तथा इस मेगा इवेंट के लिए स्टेडियम के विश्व स्तरीय मानकों पर जीर्णोद्धार एवं उन्नयन हेतु बजटीय सीमाओं को देखते हुए राउरकेला इस्पात संयंत्र ने राज्य सरकार से बजटीय एवं तकनीकी सहायता हेतु ओडिशा राज्य सरकार के संबंधित प्राधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया।

****